## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **रातू अंचल में वन भूमि की लगभग पांच एकड़ जमीन की गड़बड़ी मामले में रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भंज़त्री ने दिया जांच का आदेश।**
2. **एनआईए की टीम टेरर फंडिग मामले में टीएसपीसी के जोनल कमांडर रवींद्र गंझू से करेगी पूछताछ, रांची शराब घोटाले के जब्त सामान रहेंगे ईडी के पास।**
3. **क्लैट यूजी का संशोधित रिजल्ट जारी, संस्कृति पाठक झारखंड टॉपर, जेईई एडवांस के लिए रांची के तीन सेंटरों में आज होगी परीक्षा।**
4. **राज्यभर में आंधी पानी से भारी नुकसान, ठनका की चपेट में आने से दो की मौत, चार झुलसे, मौसम विभाग ने आज भी जारी किया बारिश का ऑरेंज अलर्ट।**
5. **झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिशन–जेएससीए का चुनाव आज, अध्यक्ष पद के लिए अजयनाथ शाहदेव और एसके बेहरा के बीच मुकाबला, आज ही जारी होंगे परिणाम।**

******************

रांची उपायुक्त ने रातू अंचल में लगभग पांच एकड़ जमीन की गड़बड़ी मामले में जांच का आदेश दिया है। जिला प्रशासन को जानकारी मिली कि रातू अंचल में करीब पांच एकड़ जमीन जो वन भूमि का है उसे जनरल प्लॉट बना दिया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन ने अनुमंडल पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया है।

******************

एनआईए की टीम चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद टीएसपीसी के जोनल कमांडर रवींद्र गंझु से चार दिनों तक पूछताछ करेगी। एनआईए कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है। एनआईए ने कोर्ट से 10 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की थी। एनआईए 19 से 23 मई तक पूछताछ करेगी। मामले की सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से बताया गया कि 2015 से 2017 के बीच लेवी के रूप में एक करोड़ रुपए उगाही की थी।

******************

रांची शराब घोटाले में छापेमारी के दौरान संबंधित ठिकानों से जब्त सामान ईडी के पास ही रहेगा। अथॉरिटी ने ईडी की याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद यह फैसला सुनाया है। ईडी ने छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज प्राथमिकी को ईसीआईआर के रूप में दर्ज किया था। इसके बाद 29 अक्टूबर 2024 को झारखंड और छत्तीसगढ़ में अधिकारियों के 15 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

******************

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में धनबाद के एक निजी सभागार में ईसीएल–ससीएल और बीसीसीएल के श्रमिकों का आर्थिक दृष्टिकोण से उत्थान पर धनबाद के प्रबुद्धजनों बुद्धिजीवियों के साथ बैठक की गई। अमर बाउरी ने बताया कि लगभग डेढ़ लाख मजदूर हैं जिनकी जिंदगी का पूरा लगाम मिडिल मैन के हाथों में होता है. इस समस्या के समाधान के लिए ठोस प्रयास किया जाएगा––

******************

क्लैट यूजी का संशोधित रिजल्ट जारी कर दिया गया है। रांची की संस्कृति पाठक झारखंड टॉपर बनी हैं। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक में 27वां स्थान हासिल किया है। वहीं रांची के ही सुनीत सानुराग ने इकसठवां रैंक हासिल किया है।

******************

जेइइ एडवांसड की परीक्षा आज होगी। इसके लिए रांची सहित झारखंड के अन्य शहरों में परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। रांची के तीन केंद्रों में परीक्षा होगी। इसमें आयन डिजिटल केंद्र तुपुदाना, अरुनिमा चुटिया, फ्यूचर ब्राइट पुंदाग शामिल हैं। दो पेपर होंगे। पहला पेपर सुबह 9 से 12 बजे तक और दूसरा पेपर दोपहर 2.30 बजे से 5.30 बजे तक होगी।

******************

धनबाद आईआईटी–आईएसएम में सोडियम–आयन बैटरी तकनीक पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य सोडियम–आयन बैटरी निर्माण और परीक्षण में हाथों–हाथ प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम

के कॉर्डिनेटर प्रो. जी सी नायक ने बताया कि सोडियम–आयन बैटरी तकनीक अभी रिसर्च भाग में है उन्होंने लिथियम बैटरी और सोडियम–आयन बैटरी के रासायनिक पार्ट की भी जानकारी दी–

*****************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज अपना एक निगरानी उपग्रह सुबह पांच बजकर 59 मिनट पर प्रक्षेपित किया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से छोड़े गए इस उपग्रह के तीसरे चरण में तकनीकी खराबी आ गई है। इसरो के अध्यक्ष डॉ वी. नारायणन ने बताया कि तकनीकी समस्या के कारणों का विश्लेषण किया जा रहा है।

*****************

पाकुड जिले के गांवों में रहने वाली बीपीएल परिवारों से जुड़ी महिलाओं को कॉस्ट्यूम ज्वेलरी का प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*****************

दुमका पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने काफी मात्रा में मोबाईल, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड जप्त किये गये हैं। दुमका पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर इन पांचों अपराधियों को गिरफ्तार किया। इन सभी की पहचान प्रतिबिम्ब एप्प के जरिये की गयी।

*****************

झारखंड राज्य मत्स्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने हजारीबाग जिले के बरही अनुमंडल अंतर्गत तिलैया जलाशय स्थित बुंडू में संचालित केज कल्चर गतिविधियों का निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व विश्व बैंक के वरिष्ठ मत्स्य उद्योग मानक विशेषज्ञ जूलियन मिलियन ने किया।

*****************

राजधानी रांची, धनबाद और जमशेदपुर सहित राज्य के अधिकतर जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। इस दौरान ठनका गिरने से रांची और पलामू में एक–एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौसम केंद्र रांची के अनुसार आज से 21 मई तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने के आसार हैं। अगले दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

*****************

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिशन–जेएससीए के चुनाव के लिए अब से कुछ देर बाद मतदान शुरू हो जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए अजयनाथ शाहदेव और एसके बेहरा के बीच मुकाबला है। दोपहर बाद ही चुनाव के परिणाम जारी हो जाएंगे। बता दें कि पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के निधन के बाद यह पहला चुनाव होने जा रहा है।

*****************

**अखबारों की सुर्खियां–**

- रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने जेएससीए चुनाव की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। प्रभात खबर ने लिखा है– जेएससीए को आज मिलेगा नया बॉस।
- दैनिक भास्कर ने रांज्य के कई जिलों में आंधी–पानी की खबर को लीड बनाई है।
- दैनिक जागरण की सुर्खी है रातू में वन भूमि को बना दिया प्लॉट, जांच के आदेश।
- हिंदुस्तान अखबार की सुर्खी है पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए बनी टीम में नाम पर घमासान, थरूर पर सरकार और कांग्रेस के बीच तकरार।
- रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है अब दुनिया जानेगी ऑपरेशन सिंदूर का सच।
- अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताने के लिए बनी सर्वदलीय समिति की खबर को प्रमुखता दी है।

**********समाप्त***********